मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 25/08/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --500/2025
25 अगस्त 2025
स्मार्ट सिटी,धुर्वा, रांची
==========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने स्मार्ट सिटी, धुर्वा स्थित निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का स्थल निरीक्षण किया।
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का स्थल निरीक्षण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कन्वेंशन सेंटर से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत वर्ष 2018 में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, परन्तु बीच में ही इस परियोजना को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस परियोजना के तहत 5 हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाले कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जाना था। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि आने वाले समय में इस निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर की उपयोगिता राज्य हित में बेहतर तरीके से हो सके इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना बनाएं।

मौके पर मंत्री, नगर विकास एवं आवास श्री सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग श्री सुनील कुमार, सीईओ स्मार्ट सिटी श्री सूरज कुमार, जीएम स्मार्ट सिटी श्री राकेश नंदकुलियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।
==========================

#Team PRD(CMO)